सं0सं0–7/प्र0कुर्नन–21–01/2012– 5067

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सिविल सर्जन, पटना ।

पटना, दिनांक : 15-18.-2012

विषयः– मांग संख्या–20 अन्तर्गत मुख्य व्यय शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–06–लोक स्वास्थ्य–104–औषध नियंत्रण–0002–प्रधान कुर्नन पूर्ति डिपो, पटना उपशीर्ष विपत्र कोड– N2210061040002 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012–2013 में वेतनादि ईकाईयों में कुल ₹ 6,80,200/–(छः लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये) मात्र का आवंटन।

महाशय,

उपर्युक्त विषयांकित शीर्ष/उपशीर्ष/विपत्र कोड अन्तर्गत आवंटनादेश सं0–14(7)ब दिनांक–24.04.12 एवं मांग पत्र के क्रम में संलग्न विवरणी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2012–2013 में वेतनादि ईकाईयों में कुल ₹ 6,80,200/–(छः लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये) मात्र का आवंटन दी जाती है। (विवरणी संलग्न)

2. सम्बंधित आवंटनादेश वित्त विभाग के परिपत्र सं0 2561 वि0 (2) दिनांक 17.4.98 एवं परिपत्र 2419 वि0(2) दिनांक 05.04.2007, 2398वि0(2) दिनांक–8.4.08 एवं वित्त विभागीय पत्रांक–3388वि0(2) दिनांक 18.4.11 तथा 4201वि0(2) दिनांक–12.04.2012 में निहित निदेश के अनुसार व्यय सुनिश्चित किया जाय ।

3. आवंटित राशि की निकासी मांग संख्या–20 अन्तर्गत व्यय शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–06–लोक स्वास्थ्य–104–औषध नियंत्रण–0002–प्रधान कुर्नन पूर्ति डिपो, पटना उपशीर्ष विपत्र कोड– N2210061040002 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012–2013 में आय व्ययक आयोजना भिन्न में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

4. सिविल सर्जन, पटना आवंटित राशि का उप आवंटन अधीक्षक, राज्य स्वास्थ्य भंडार, गुलजारबाग, पटना को एक मुश्त में करेगें। उप आवंटन की एक प्रति विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे ।

5. सिविल सर्जन एक इकाई से दूसरी इकाई में या एक उपशीर्ष से दूसरे उपशीर्ष में अपने स्तर से राशि का विचलन नहीं करेंगे। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता वांछनीय नहीं होगी । इसकी पूरी जबावदेही संबंधित सिविल सर्जन की होगी ।

6. यह मात्र आवंटन आदेश है। इसे व्यय की स्वीकृति न समझा जाय। व्यय हेतु निर्धारित वित्त विभाग/ स्वास्थ्य विभाग की प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

7. इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अधीक्षक, राज्य स्वास्थ्य भंडार, गुलजारबाग, पटना तथा नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होंगे ।

8. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वीकृति बल के विरूद्ध नियमानुकूल नियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी का ही वेतन भुगतान सुनिश्चित करेंगे तथा इस आशय का प्रमाण–पत्र वेतन विपत्र में भी अंकित करेंगे ।

9. कई पदाधिकारियों/कर्मचारियों के बकाये वेतन का भुगतान नहीं हुआ है जिसके कारण माननीय उच्च न्यायालय के सामने भी कई मामले दायर किये गये हैं । माननीय उच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों में यह आदेश पारित किया है कि विभाग देय बकाये वेतनादि का भुगतान शीघ्र करे । अतः यह आदेश दिया जाता है कि जिन पदाधिकारियों/कर्मचारियों का बकाया वेतन है वे शपथ पत्र के साथ अपना आवेदन सम्बंधित सिविल सर्जन/क्षेत्रीय उप निदेशक/निदेशक प्रमुख को देंगे । सिविल सर्जन/क्षेत्रीय उप निदेशक/ निदेशक प्रमुख निम्नांकित बिन्दुओं पर आवेदन की जाँच कर बकाये वेतनादि का भुगतान करेंगे।

17/1/2012

1. संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी विधिवत वहां पदस्थापित हैं ।
2. विधिवत पदस्थापित होने का सत्यापन कर केवल उसी अवधि का वेतन का भुगतान किया जायेगा जिस अवधि में ये पदाधिकारी वास्तव में कार्य किये हों ।
3. जहाँ तक कर्मचारियों के बकाये वेतनादि के भुगतान का प्रश्न है सिविल सर्जन इस बात का सत्यापन कर लेंगे कि उक्त अवधि का भुगतान पूर्व में नहीं हुआ है।

सिविल सर्जन / क्षेत्रीय उप निदेशाक/निदेशक प्रमुख उपरोक्त शर्त्तों से संतुष्ट होने पर इस आवंटनादेश से बकाये वेतनादि का भुगतान करेंगे । यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पुनरीक्षित वेतनमान के अन्तर राशि भी सिविल सर्जन सब तरह से संतुष्ट होकर कि, कितनी राशि देय है, का भुगतान इस आवंटन से कर सकते हैं ।

10. संबंधित सिविल सर्जन अपने अधिनस्थ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से विहित प्रपत्र में व्यय विवरणी टी0भी0 नं0 एवं तिथि के साथ प्राप्त कर समेकित कर तथा सम्बंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रत्येक माह की 10वीं तारीख तक विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे ।

11. इसकी प्रति महालेखाकार बिहार, पटना को भी दी जा रही है ।

विश्वासभाजन,

15/X/2012

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 5016719 पटना, दिनांक : 15-10-12

प्रतिलिपि : महालेखाकार बिहार, पटना/वित्त विभाग बजट शाखा/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी /संबंधित कोषागार पदाधिकारी/ संबंधित उप कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि : मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार के सचिव/ प्रशाखा पदाधिकारी–7 एवं कार्यवाह सहायक/ आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15/X/2012

सरकार के संयुक्त सचिव

विवरणी

मांग संख्या–20 अन्तर्गत मुख्य व्यय शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–06–लोक स्वास्थ्य–104–औषध नियंत्रण–0002–प्रधान कुर्नन पूर्ति डिपो, पटना उपशीर्ष विपत्र कोड– एन.2210061040002 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 20112–2013 में विभिन्न प्राथमिक ईकाईयों में अतिरिक्त आवंटन विवरणी

उपबंध की स्थिति

क्रमांक	प्राथमिक इकाई एवं कोड	बजट उपबंध	पूर्व में आवंटित राशि	वर्तमान में आवंटित राशि	कुल आवंटित राशि	अवशेष राशि
1	2	3	4	5	6	7
1	वेतन (01–01)	1751000	1400800	350200	1751000	0
2	जीवन यापन भत्ता (01–03)	1173000	938400	234600	1173000	0
3	मकान किराया भत्ता (01–04)	350000	280000	70000	350000	0
4	परिवहन भत्ता (01–05)	62000	49600	12400	62000	0
5	चिकित्सा भत्ता (01–06)	31000	24800	6200	31000	0
6	अन्य भत्ता (01–07)	34000	27200	6800	34000	0
	योग वेतन एवं भत्ते:–	**3401000**	**2720800**	**680200**	**3401000**	**0**
7	चिकित्सा प्रतिपूर्ति (06–01)	100000	50000	0	50000	50000
8	यात्रा व्यय (11–01)	31000	15500	0	15500	15500
9	कार्यालय व्यय (13–01)	50000	25000	0	25000	25000
10	दूरभाष (13–03)	50000	25000	0	25000	25000
10	विद्युत प्रभार (13–04)	200000	100000	0	100000	100000
11	विधि प्रभार (13–05)	25000	12500	0	12500	12500
11	वर्दी / पोषाक (13–06)	15000	7500	0	7500	7500
12	किराया महसूल एवं कर(14–01)	50000	25000	0	25000	25000
	कुल योग:–	**3922000**	**2981300**	**680200**	**3661500**	**260500**

(छः लाख अस्सी हजार दो सौ) रू0 मात्र

11/R/2012

सरकार के संयुक्त सचिव

50(7)01
15-10-12